In compliance with the provisions of Section 108 of the Act ("the Act") read with Rules 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the Securities and Exchange Borad of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and MCA Circulars, the Company is providing the facility of remote e-voting to the Members prior to the AGM and during the AGM in respect of the business to be transacted at the AGM. The members holding shares either in physical form or in electronic mode as on the cut-off date i.e. Wednesday, September 23, 2020, may cast their vote electronically, in accordance with the instructions provided in the notice of AGM. The members are requested to carefully read the instructions given for remote e-voting and e-voting provided in the notice of AGM.

Any person, who acquires shares of the Company, after the dispatch of notice of AGM and becomes member of the Company, may obtain the login id and password by sending email at **investorcare@jindalsteel.com** or may write to the Company Secretary & Compliance Officer at Jindal Steel & Power Limited, Tower-A, 2nd Floor, Plot No.2, Sector-32, Gurugram – 122001.

The Company has appointed M/s Navneet K Arora & Co. LLP, Company Secretaries as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in the transparent manner.

The Remote e-voting facility will be available during the following voting period:

**Date and time of commencement of remote e-voting facility:** Saturday, September 26, 2020 at 09:00 A.M. (IST)
**Date and time of end of remote e-voting facility:** Tuesday, September 29, 2020 at 05:00 P.M. (IST).

The remote e-voting module for voting shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time and remote e-voting shall not be allowed thereafter. However, the facility of e-voting shall also be made available during the AGM and the members, who have not already cast their vote by remote e-voting, shall be able to exercise their right during the AGM.

Members may attend the AGM through VC/OAVM even after exercising their right to vote through remote e-voting, but shall not be allowed to vote again through e-voting at the meeting.

In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at **www.evotingindia.com**, under help section or write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact Mr. Nitin Kunder (022-23058738) or Mr. Mehboob Lakhani (022-23058543) or Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542).

For **Jindal Steel & Power Limited**
Sd/-
**Anoop Singh Juneja**
Company Secretary & Compliance Officer
FCS 6383

Date: September 8, 2020
Place: Gurugram

**JINDAL STEEL & POWER LIMITED**
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
Registered Office: O. P. Jindal Marg, Hisar –125005 (Haryana)
Corporate Secretariat Office: Jindal Centre, Tower-A, 2nd Floor, Plot No.2, Sector-32, Gurugram -122001 (Haryana)
Tel.: +91 124 6612000 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteelpower.com
jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

जयशंकर चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात में समझौतों का पालन न होने का मुद्दा उठाएंगे, मॉस्को में 10 को मुलाकात संभव

# कूटनीति से चीनी मंसूबों को बेनकाब करेंगे

**रणनीति**

नई दिल्ली | पंकज कुमार पाण्डेय


चीन के खतरनाक मंसूबों के चलते एलएसी पर अब तक कोई भी कूटनीतिक पहल कामयाब नहीं हुई है। गलवान हिंसा के बाद से अब तक विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, दो विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत, भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के कार्य तंत्र के अलावा कमांडर स्तर की कई दौर की बातचीत हुई है। लेकिन, हर वार्ता के बाद चीन का रवैया जमीन पर अलग होता है। जयशंकर चीन के इस रुख को बेनकाब करेंगे।

मॉस्को में 10 सितंबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के मुलाकात की संभावना है। हालांकि, अभी भारत ने आधिकारिक रूप से जयशंकर -वांग यी मुलकात की पुष्टि नहीं की है। माना जा रहा है कि भारत की नजर सीमा के डेवलपमेंट पर है। स्थिति के मुताबिक एससीओ बैठक के दौरान ही मुलाकात पर फैसला होगा।

विदेश मंत्रालय ने हर बार स्पष्ट किया है कि चीन ने आपसी सहमति का पालन नहीं किया है। भारत चाहता है कि समयबद्ध तरीके से चीन सीमा पर सहमति का पालन करते हुए डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी करे। सूत्रों ने कहा कि चीनी पक्ष बातचीत के निष्कर्ष जमीन पर अपनी सुविधा के मुताबिक तय करता है।

**दो टूक बात होगी :** मॉस्को में जयशंकर चीनी विदेश मंत्री वांग यी के सामने ये तर्क मजबूती से रखेंगे कि आखिर सीमा पर शांति के लिए जरूरी पहल से चीन क्यों मुंह मोड़ रहा है।

**गुमराह करने का एजेंडा :** सूत्रों ने कहा कि चीन दुनिया को गुमराह करने के लिए बातचीत और एलएसी को लेकर अपना एजेंडा आगे बढ़ा रहा है। सीमा पर यथास्थिति में बदलाव का प्रयास उसकी ओर से हो रहा है। साथ ही मई के पूर्व वाली स्थिति में जाने के लिए जरूरी सेनाओं की वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के बजाय सेना का जमावड़ा बढ़ा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जयशंकर चीनी विदेश मंत्री को 17 जून को हुई विदेश मंत्री स्तर की बातचीत और 5 जुलाई को हुई विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत का हवाला देंगे। साथ ही पूर्व में मोदी - जिनपिंग वार्ता की भावना का हवाला दिया जाएगा।



रूस के दौरे पर जा रहे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को बीच में तेहरान में रुके और ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की।

## मॉस्को से पहले तेहरान में रुके विदेश मंत्री जयशंकर

एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर रास्ते में कुछ देर को ईरान में रुके। जयशंकर ने ईरानी समकक्ष जावेद जरीफ से मुलाकात की। विदेश मंत्री ईरान दौरे पर ऐसे समय पहुंचे हैं, जब चीन-पाक दोनों ही तेहरान को अपने पाले में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

## इन सभी समझौतों को तोड़ रहा चीन

**1993** में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में एलएसी पर शांति-स्थिरता के रखरखाव पर समझौता

**1996** में एलएसी के साथ सैन्य क्षेत्र में विश्वास निर्माण उपायों पर समझौता

**2012** में भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए एक कार्य प्रणाली की स्थापना पर समझौता

**2013** सीमा रक्षा सहयोग समझौता

**2005** में एलएसी के साथ सैन्य क्षेत्र में विश्वास बहाली के उपायों के कार्यान्वयन के लिए तौर-तरीकों पर प्रोटोकॉल

## इन इलाकों पर है ड्रैगन की नजर

**पैंगोंग त्सो झील**

**14,000** फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित इस झील के मध्य से एलएसी गुजरती है। इसका 45 किलोमीटर क्षेत्र भारत में है, जबकि 90 किलोमीटर चीन में है। यह एक मुख्य मार्ग है जिसका चीन आक्रमण के लिए उपयोग कर सकता है।

**रेजांग ला**

**1962** के युद्ध में 13 कुमाऊं दस्ते का यह अंतिम मोर्चा था। लद्दाख की चुशुल घाटी की बर्फीली चोटी पर स्थित रेजांगला पोस्ट भारत के लिए काफी अहम है। इस इलाके से चीन को घुसपैठ के लिए लेह तक का रास्ता मिलता है।

**गलवान घाटी**

गलवान घाटी का क्षेत्र अक्साई चीन से बेहद करीब है। यहां पर एलएसी अक्साई चीन को भारत से विभाजित करती है। 1962 की जंग के दौरान भी गलवान नदी का यह क्षेत्र जंग का प्रमुख केंद्र रहा था।



**तवांग**

**1914** में तिब्बत ने एक समझौते में तवांग को भारत का हिस्सा माना था। जबकि चीन अरुणाचल के तवांग को तिब्बत का हिस्सा मानता है। चीन की कोशिश यही है कि तवांग पर कब्जा किया जाए, लेकिन हर बार चीन को मुंह की खानी पड़ी है।

**डोकलाम**

**2017** में डोकलाम को लेकर भारत-चीन में विवाद हुआ था। यह पठारी क्षेत्र भारत, चीन और भूटान की सीमा का ट्राई-जंक्शन है। भारत इसे भूटान का और चीन अपना हिस्सा मानता है। भारत ने यहां चीन द्वारा सड़क बनाने की कोशिश का विरोध किया था।

**नाथूला**

नाथूला हिमालय का पहाड़ी दर्रा है जो भारत के सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत में चुम्बी घाटी को जोड़ता है। 14,200 फुट ऊंचाई पर स्थित नाथूला भारत के लिए महत्वपूर्ण है। कैलाश मानसरोवर का जत्था यहीं से गुजरता है।

# रेजांग ला पर कब्जे की कोशिश नाकाम रही

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

**हिमाकत**

- गलवान घाटी की घटना दोहराने की थी साजिश
- रणनीति की दृष्टि से बेहद अहम है यह चोटी

दक्षिणी पैंगोंग में रेजांग ला से करीब एक किलोमीटर की दूर पर स्थित मुखपरी पहाड़ी पर चीनी सैनिकों ने सोमवार की शाम घुसपैठ करने की कोशिश की। यह रणनीति दृष्टि से बेहद अहम है। यदि इस चोटी पर चीनी सेना काबिज हो जाती तो वह पैंगोंग इलाके में भारतीय सैनिकों की तैनाती से लेकर आवाजाही तक पर नजर रख सकती थी, लेकिन सेना ने उसकी कोशिश को विफल करार दिया।

ऐसा प्रतीत होता है कि वे गलवान घाटी की घटना को दोहराना चाहते थे। गलवान घाटी में इसी प्रकार के हथियारों के हमले में 20 भारतीय जवान शहीद हुए थे, लेकिन उस घटना के बाद से सेना हर प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार थी, इसलिए, चीनी सेना की कोशिश नाकाम हो गई। भारतीय सेना ने हाल के दिनों में पैंगोंग इलाके में कई स्थानों पर अपनी तैनाती नए सिरे से की है। उसने रणनीतिक रूप से कई अहम चोटियों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

ऐसा करना इसलिए जरूरी था, क्योंकि चीनी सेना फिंगर-4 एवं फिंगर-5 की चोटियों पर डटी हुई थी, जबकि भारतीय सेना निचले इलाकों में थी। पिछले हफ्ते भारतीय सेना ने ब्लैक टॉप समेत कई चोटियों पर मोर्चा संभाला। इससे वह चीनी सेना से बेहतर पॉजीशन में आ गई।

# चोटियों पर जो काबिज उसकी स्थिति मजबूत

**विशेषज्ञ की राय**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र सिंह (रि.) के अनुसार रेंजांग ला के इलाके में इस क्षेत्र की तमाम चोटियां रणनीतिक रूप से अहम है। इन चोटियों से दोनों तरफ निगाह रखना संभव है। इसलिए जो काबिज होता है, वह बढ़त में होता है। मूलतः यह वह स्थान है जिस पर किसी का भी नियंत्रण नहीं है, लेकिन दोनों देशों की सेनाएं इस क्षेत्र में कभी-कभार गश्त करती हैं। इसी प्रकार फिंगर इलाके में चार से आठ तक जहां चीनी सेनाएं डटी हुई हैं, वह भी बिना किसी नियंत्रण वाले क्षेत्र थे जिन पर मई में आकर चीनी सेना बैठ गई। सिंह ने बताया कि जब लगातार कई दौर की सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता के बाद भी चीन पैंगोंग इलाके से पीछे नहीं हटा तो पिछले सप्ताह भारतीय सेना ने आक्रामक रुख अपनाया और पैंगोंग इलाके में रणनीतिक रूप से अहम कई चोटियों में ऊंचे स्थानों पर पोजीशन संभाल ली।

# सीमा पर तनाव घटाने को वार्ता

**कवायद**

नई दिल्ली | एजेंसी

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि एलएसी पर भारी तनाव और लद्दाख के रेजांग ला में नए टकराव के बावजूद भारत और चीन की सेनाओं में सुलह वार्ता जारी है। चीनी सेना रेजांग ला हाइट्स के पास भारतीय सैनिकों के साथ आमने-सामने की स्थिति में आ गई है।

सीमा विवाद के बीच पूर्वी लद्दाख के चुशुल सेक्टर में दोनों देशों की सेनाओं में ब्रिगेडियर स्तर पर सात दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं। अब तक हुई सैन्य वार्ताओं का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। हालांकि, इस दौरान चीनी सेना की उकसावे वाली हरकतें लगातार जारी रही हैं। भारतीय सेना ने कहा कि सैन्य, राजनयिक और राजनीतिक स्तर पर सुलह की कोशिश के लिए जारी वार्ताओं के बावजूद पीएलए समझौतों का उल्लंघन करते हुए आक्रामक युद्धाभ्यास कर रही है। चीनी सैनिकों की 29-30 अगस्त की घुसपैठ नाकाम किए जाने के बाद से ही पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे पर हालात तनावपूर्ण हैं। इस घटना के दूसरे दिन यानी 31 अगस्त से 5 सितंबर तक हर रोज चुशूल या मॉल्डो में भारत-चीन सेना के बीच ब्रिगेडियर कमांडर मीटिंग हो रही थी। इससे पहले दोनों तरफ से सीमा चौकियों पर लोकल कमांडर के बीच भी 10 से अधिक दौर की बातचीत हो चुकी है।

**चीन ने सैनिकों की जल्द वापसी की उम्मीद जताई :** भारत और चीन की सेना के बीच ताजा टकराव के बाद मंगलवार को बीजिंग ने चर्चा के माध्यम से सैनिकों की जल्द वापसी की उम्मीद जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत और चीन द्वारा एक-दूसरे पर हवाई गोलीबारी का आरोप लगाए जाने के कुछ घंटे बाद ही सैनिकों की वापसी की उम्मीद जताई। झाओ ने कहा, हम सभी उम्मीद करते हैं कि हमारे सैनिक अपने शिविर क्षेत्रों में लौटें।

## एलएसी पर 45 साल बाद चीन की गोलीबारी

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सोमवार रात हुई गोलीबारी से भारत और चीन के बीच टकराव और गहरा गया। दोनों देशों के बीच, 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा पर पिछले 45 सालों में पहली बार सीमा पर गोली चली है। सात सिंतबर की रात को भारतीय सेना द्वारा घुसपैठ विफल कर दिए जाने के बाद चीनी सैनिकों ने हवा में कई राउंड गोलीबारी की थी। इससे पहले 1975 में अरुणाचल प्रदेश के तुलुंग ला में चीन ने असम राइफल की पैट्रोलिंग पार्टी पर धोखे से हमला किया था। बता दें कि 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद दोनों में देशों में सीमा पर शांति और युद्धविराम को लेकर समझौते हुए थे।

# जवाब : अजित डोभाल पर मीडिया की रिपोर्ट खारिज

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता



चीनी प्रोपगेंडा का भारत हर स्तर पर माकूल जवाब दे रहा है। चीनी पीएलए के झूठ का पर्दाफाश करने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को लेकर चीनी मीडिया की झूठी रिपोर्ट का विदेश मंत्रालय ने खंडन किया है। साथ ही इस तरह की रिपोर्ट से बचने की भी सलाह दी है।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि हमने चीनी मीडिया में कुछ आर्टिकल देखे हैं, जिसमें एनएसए अजित डोभाल को लेकर बात की जा रही है। हम साफ करना चाहते हैं कि ये सभी रिपोर्ट पूरी तरह से गलत हैं, ऐसे में इस तरह की खबरों से बचने की अपील करते हैं।

दरअसल, चीनी मीडिया ने अपनी कुछ रिपोर्ट में दावा किया है कि अजित डोभाल की ओर से ही माहौल को गर्माने की कोशिश की जा रही है।

इसके लिए अजित डोभाल के कथित बयान का हवाला दिया गया है कि उन्होंने कहा था कि भारत बॉर्डर पर एक लॉन्ग हॉल के लिए तैयार है। गौरतलब है कि चीन की ओर से लगातार झूठा एजेंडा चलाए जाने की कोशिश की जा रही है।

# अरुणाचल से लापता युवक पीएलए के पास : रिजिजू

नई दिल्ली | एजेंसी



**पुष्टि**

- चीनी सेना पीएलए ने युवकों के मिलने की पुष्टि की
- भारतीय प्राधिकारियों को सौंपने की प्रक्रिया जारी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि चीनी सेना पीएलए ने इसकी पुष्टि की है कि अरुणाचल से लापता पांच युवा उसे मिले हैं। उन्हें भारतीय प्राधिकारियों को सौंपने पर काम किया जा रहा है। पांचों युवक गत शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबांसिरी जिले में चीन-भारत सीमा से लापता हो गए थे।

रिजिजू ने ट्वीट किया, चीन की पीएलए ने भारतीय सेना द्वारा भेजे गए हॉटलाइन संदेश का जवाब दिया है। उन्होंने इसकी पुष्टि की है कि अरुणाचल प्रदेश से लापता युवक उनकी ओर मिले हैं। व्यक्तियों को हमारे प्राधिकारियों को सौंपने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। गत सोमवार को चीन ने युवकों के बारे में सवालों से पल्ला झाड़ लिया था।

## लद्दाख में अग्रिम मोर्चे पर महिला डॉक्टरों को चार्ज

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने पहली बार महिला डॉक्टरों को लद्दाख में अग्रिम स्थानों पर भेजा है। लेह से सेना भेजने से लेकर आगे की जगहों पर उनकी देखभाल के लिए आईटीबीपी की महिला डॉक्टरों को सभी तरह के चार्ज दिए गए हैं।

सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए आईटीबीपी ने अपने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को बदल दिया है, जिसने किसी भी महिला अधिकारी को ऐसे स्थानों पर तैनात नहीं होने दिया। विभाग ने कुछ सप्ताह पहले महिला डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को भेजा है। अधिकारियों ने दावा किया कि पहले, केवल पुरुष डॉक्टरों को एलएसी के पास आगे के स्थानों पर भेजा जाता था।

# कांग्रेस चीन से गतिरोध पर सरकार को घेरेगी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

**मानसून सत्र**

- रणनीतिक समूह की बैठक, आजाद, आनंद शर्मा शामिल
- दूसरे दलों के साथ बेहतर समन्वय पर जोर

संसद के मानसून-सत्र में कांग्रेस का रुख आक्रामक रहेगा। पार्टी सीमा पर चीन के साथ गतिरोध, कोरोना वायरस संकट, जीडीपी विकास-दर में गिरावट और सरकारी कंपनियों को बेचने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष के साथ सरकार को घेरेगी। इसके साथ पार्टी ने तय किया है कि समान विचारधारा वाली पार्टियों से बात कर विपक्ष राज्यसभा में उपसभापति पद का चुनाव लड़ेगा।

मानसून-सत्र से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए हुई रणनीतिक समूह की बैठक में मोदी सरकार की ओर से संसद की मंजूरी के लिए लाए जा रहे कुछ अध्यादेशों का विरोध करने का भी फैसला किया है। इनमें दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन संबंधी अध्यादेश और प्रधानमंत्री केयर्स कोष में अनुदान पर आयकर में शत प्रतिशत की कटौती से संबंधित अध्यादेश प्रमुख हैं।

इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले असंतुष्ट नेताओं में शामिल गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा और मनीष तिवारी सहित रणनीतिक समूह के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# रूस ने 'स्पूतनिक वी' वैक्सीन लोगों के लिए उतारी




मास्को | एजेंसियां

रूस की कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक वी का पहला बैच आम नागरिकों के लिए जारी कर दिया गया है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। स्पूतनिक वी को रूस के गैमेलिया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबॉयोलॉजी और रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड ने मिलकर विकसित किया है।

रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि नए कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए वैक्सीन के पहले बैच ने चिकित्सा उपकरण नियामक की लैब्स में जरूरी क्वालिटी टेस्ट्स को पास कर लिया है। कोविड-19 वैक्सीन के पहले बैच को लोगों के लिए जारी कर दिया गया है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 की पहली वैक्सीन स्पूतनिक वी को 11 अगस्त को रजिस्टर किया था। मास्को के मेयर सरजी सोब्यानिन ने रविवार को उम्मीद जताई थी कि मास्को में अधिकांश जनता का कुछ महीनों के अंदर वैक्सीनेशन हो जाएगा।

## शोध में सुरक्षित पाया गया

लासेंट जरनल में प्रकाशित रिपोर्ट में सामने आया है कि स्पूतनिक वी ने छोटे मानव परीक्षण में एंटीबॉडी रिस्पॉन्स दिखाया है। साथ ही कोई गंभीर नतीजे नहीं मिले हैं। कुल 76 लोगों पर किए गए अनियमित शुरुआती फेज के ट्रायल में यह बात सामने आई है कि वैक्सीन के दो फॉर्म्युलेशन में 42 दिनों तक अच्छा सेफ्टी प्रोफाइल दिखा। 21 दिनों में इसने सभी प्रतिभागियों में एंटीबॉडी रिस्पॉन्स पैदा किए। शोधकर्ताओं ने कहा कि ट्रायल से मिले सेकेंडरी परिणामों से पता चलता है कि वैक्सीन 28 दिनों के भीतर टी सेल रिस्पॉन्स भी पैदा करती है।

## भारत में भी बनेगा टीका

रूसी कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक वी का तीसरे चरण का परीक्षण भारत में भी हो सकता है। रूस के अनुरोध पर भारत गंभीरता से विचार कर रहा है। इसके पहले भारत ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैक्सीन के तीसरे फेज के परीक्षण की अनुमति दे चुका है। वहीं, भारत बायोटेक और कैडिला-जायडस वैक्सीन का परीक्षण दूसरे चरण में है। नीति आयोग के सदस्य और वैक्सीन को लेकर गठित उच्चाधिकार समिति के अध्यक्ष डॉक्टर वीके पॉल ने बताया कि रूस ने वैक्सीन को लेकर भारत से दो अनुरोध किए थे। एक देश में तीसरे चरण के परीक्षण को लेकर और दूसरा बड़े पैमाने पर इसके उत्पादन को लेकर।

## कोरोना के केस कुछ घटे लेकिन रिकॉर्ड मौत

**नई दिल्ली।** दो दिनों के बाद देश में कोरोना के केस में थोड़ी कमी आई है। मंगलवार को 75,809 नए मामले सामने आए। इससे पहले रविवार-सोमवार को लगातार 90 हजार से ज्यादा मामले आए थे।

देश में एक दिन में मंगलवार को अब तक सबसे ज्यादा 1,133 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 72,775 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण के आंकड़े बढ़कर मंगलवार को 42,80,422 हो गए। वहीं, देश में पिछले 24 घंटे में 33,23,950 लोग ठीक हुए, जिसके बाद मरीजों के ठीक होने की दर 77.65 प्रतिशत हो गई।

## पांच राफेल कल वायु सेना में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना में पांच राफेल लड़ाकू विमानों को गुरुवार को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया जाएगा। इस दौरान अंबाला एयरबेस पर आयोजित होने वाले समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उनकी फ्रांसीसी समकक्ष फ्लोरेंस पार्ली और भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी रक्षा मंत्री के गुरुवार को यहां पहुंचने का कार्यक्रम है।

## पीओके में बांध बनाने का विरोध

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में लोगों ने इलाके में चीन की ओर से बनाए जाने वाले बांधों का जमकर विरोध किया। लोगों ने टॉर्च रैली निकालकर नीलम-झेलम नदियों पर बन रहे बांधों का विरोध किया।


JUBILANT INDUSTRIES

**जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

सीआईएन : L24100UP2007PLC032909

**पंजीकृत कार्यालयः** भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244 223, उत्तर प्रदेश

**ईमेलः** investorsjil@jubl.com; **वेबसाईटः** www.jubilantindustries.com

**फोनः** +91-5924-267200

**14वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई–वोटिंग जानकारी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 14वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") बुधवार, 30 सितम्बर 2020 को 11:00 बजे पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) पर, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई 2020 के साथ पठित सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020 तथा सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020 ("एमसीए परिपत्रों") एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा निर्गत परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई 2020 ("सेबी परिपत्र") के अनुपालन में, वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, 3 सितम्बर 2020 की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित होना निर्धारित है। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की इच्छा रखने वाले सदस्य एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का अनुगमन कर एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं।

पूर्वोक्त एमसीए परिपत्रों तथा सेबी परिपत्र के अनुपालन में, एजीएम की आहूत सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु वार्षिक रिपोर्ट 8 सितम्बर 2020 को मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई हैं जिनका ई–मेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों अथवा रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') के साथ पंजीकृत है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 ('नियम') के नियम 20 एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ('सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 44 के अनुपालन में, कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक तौर पर अपना वोट डालने हेतु सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('ई–वोटिंग') की सुविधा प्रदान कर रही है। तदनुसार, एजीएम की सूचना में दिए गए व्यवसाय के मदों का निष्पादन नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') द्वारा प्रदान किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधाओं के माध्यम से किया जा सकता है।

सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि **(क)** रिमोट ई–वोटिंग रविवार, 27 सितम्बर 2020 को प्रातः 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) आरम्भ होगी और मंगलवार, 29 सितम्बर 2020 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी; **(ख)** रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति मंगलवार, 29 सितम्बर 2020 को सायं 5:00 बजे के उपरान्त नहीं दी जाएगी; **(ग)** पूर्वोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाले जाने के पश्चात् सदस्य को तदनन्तर इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी; **(घ)** ई–वोटिंग के उद्देश्य से कट–ऑफ तिथि बुधवार, 23 सितम्बर 2020 तय की गई है। वोटिंग के अधिकार का आंकलन कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर किया जाएगा; **(ङ)** कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 23 सितम्बर 2020 तक शेयरों को प्रतिरक्षित रखता है, evoting@nsdl.co.in अथवा आरटीए को rta@alankit.com पर एक अनुरोध (नाम, फोलियो संख्या / डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी, जैसा भी प्रकरण हो, तथा शेयरहोल्डिंग सहित) भेजकर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह अपना वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति अपना पासवर्ड भूल गया हो, तो वह www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "फॉरगॉट यूजर डिटेल्स / पासवर्ड" विकल्प का उपयोग करके अथवा एनएसडीएल को टोल फ्री नम्बर 1800–222–990 पर संपर्क कर अपना पासवर्ड 'रीसेट' कर सकता है; **(च)** एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा भी उन सदस्यों को अपने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग करने हेतु उपलब्ध होगी जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला हो; **(छ)** वे सदस्य जिन्होंने अपना वोट एजीएम के पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल दिया हो, वे भी वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं परन्तु अपना ई–वोट पुनः डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; **(ज)** एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantindustries.com पर प्रदर्शित किए गए हैं। एजीएम की सूचना एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

वे सदस्य, जो भौतिक रूप में शेयर प्रतिरक्षित कर रहे हैं या जिन्होंने कम्पनी / आरटीए के साथ अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं किया है, वे अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत करके रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि ई–मेल द्वारा एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट **2019–20** प्राप्त करने हेतु, सदस्य(ओं) द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन की गई प्रति जिसमें उनका नाम, पूरा पता, फोलियो संख्या, कम्पनी के प्रतिरक्षित शेयरों की संख्या, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति सहित तथा निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति, जैसे, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव कार्ड, पासपोर्ट, उपयोगिता बिल या कम्पनी के साथ पंजीकृत पते के प्रमाण के समर्थन में कोई अन्य सरकारी दस्तावेज investorsjil@jubl.com अथवा rta@alankit.com को भेजकर अपना ई–मेल पता शीघ्र पंजीकृत कराएं। डीमैट तौर पर शेयर प्रतिरक्षित कर रहे सदस्य अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपना ई–मेल पता अद्यतन कर सकते हैं।

ई–वोटिंग निर्देशों के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़े किसी भी प्रश्न / शिकायतों के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस' (FAQs) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा श्री अमित विशाल, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई– 400013, भारत से ई–मेल द्वारा evoting@nsdl.co.in पर अथवा टोल फ्री नंबर 1800–222–990 या श्री जे. के. सिंगला, वरिष्ठ प्रबंधक, मेसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110 055, भारत से rta@alankit.com पर ई–मेल के माध्यम से अथवा टेलीफोन नंबरः 011–42541234 पर संपर्क कर सकते हैं।

एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट प्रस्तावों पर वोटिंग के परिणाम एजीएम के समापन के 48 घंटे के अन्दर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट सहित, कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के तुरंत बाद प्रदर्शित किए जाएंगे और परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किए जाएंगे।

कृते **जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

स्थान : नोएडा

तिथि : 8 सितम्बर 2020

**अभिषेक मिश्रा**

**कम्पनी सचिव**